प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.07.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

"आज के मुख्य समाचार"

- गृहमंत्री अमित शाह ने हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदा की घटनाओं को देखते हुए एक बहुक्षेत्रीय केन्द्रीय दल के गठन के दिए निर्देश।
- मण्डी ज़िले के दौरे पर आए केन्द्रीय दल ने आपदा प्रभावित थुनाग, जंजैहली और बगस्याड़ में लिया नुकसान का जायज़ा।
- भाजपा ने प्रदेश में नई भर्तियों को ट्रेनी के रूप में करने के फैसले को युवाओं के साथ बताया बड़ा धोखा।
- प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का क्रम जारी– अगले 24 घंटों में कई ज़िलों में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट।

अब समाचार विस्तार से..........

गृहमंत्री

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदा की घटनाओं को देखते हुए एक बहुक्षेत्रीय केन्द्रीय दल के गठन का निर्देश दिया है। इस दल में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, रूड़की के केन्द्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, पुणे के भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान और इंदौर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के भू–वैज्ञानिक शामिल होंगे। एक बयान में गृह मंत्रालय ने कहा है कि बाढ़ व बादल फटने की घटनाओं को देखते हुए केन्द्र सरकार पहले ही अंतर मंत्रालयी केन्द्रीय दल नियुक्त कर चुकी है ताकि नुकसान का मौके पर जायज़ा लिया जा सके। मंत्रालय ने ये भी कहा है कि केन्द्र सरकार बिना किसी भेदभाव के पूरी तत्परता के साथ प्रदेश के साथ खड़ी है। गृहमंत्री की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति पहले ही प्रदेश के लिए 2 हज़ार करोड़ रूपए मंजूर कर चुकी है। इस राशि का इस्तेमाल आपदा प्रभावित क्षेत्रों में बहाली और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए किया जाएगा। समिति द्वारा पहली किश्त के रूप में 4 सौ 51 करोड़ रूपए जारी कर दिए गए हैं। मंत्रालय ने बताया कि राज्य में राहत व बचाव कार्यों के लिए एन.डी.आर.एफ. की कुल 13 टीमें तैनात की गई हैं।

केंद्रीय टीम

इस बीच, प्रदेश में भारी बारिश से हुए नुकसान का जायज़ा लेने के लिए एक केंद्रीय टीम मण्डी ज़िले के दौरे पर है। इस टीम ने आज थुनाग, जंजैहली और बगस्याड़ में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का जायज़ा लिया। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने केन्द्रीय दल के सदस्यों को आपदा से हुए नुकसान के बारे में अवगत करवाया। इस दौरान स्थानीय विधायक व विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर भी मौजूद रहे। इससे पहले केन्द्रीय टीम ने कल शाम मण्डी में ज़िला प्रशासन व विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आपदा में हुए नुकसान और राहत व पुनर्वास कार्यों का जायजा लिया। इस आपदा में ज़िले में आरंभिक तौर पर सार्वजनिक व निजी संपत्ति को 7 सौ करोड़ रूपए से अधिक का नुकसान आंका गया है।

जयराम ठाकुर

दूसरी ओर, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि सराज विधानसभा क्षेत्र सहित करसोग, नाचन और धर्मपुर में आपदा के कारण जानमाल का भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय टीम के आकलन के बाद नुकसान की भरपाई के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार से बड़े राहत पैकेज की उम्मीद है।

## मॉनसून सत्र

संसद का मॉनसून सत्र कल से शुरू होने जा रहा है जो 21 अगस्त तक चलेगा। सत्र के दौरान दोनों सदनों की कुल 21 बैठकें होंगी। केन्द्र सरकार ने मानसून सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई। राज्यसभा में सदन के नेता और केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सत्र के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग का आग्रह किया गया है।

*हमने यह रिक्वेस्ट किया है कि सदन अच्छा से चले इसके लिए पक्ष और विपक्ष मिलकर के हमको काम करना होगा। आपस में कोऑर्डिनेशन अच्छी तरह से रखना होगा। हम पॉलिटिकल पार्टीज अलग–अलग विचारधारा का हो सकता है। मगर पार्लियामेंट का सदन अच्छी तरह से चले यह सबका जिम्मेदारी है। अपोजिशन का भी जिम्मेदारी है और सरकार का भी जिम्मेदारी है।*

## राजस्व मामले

प्रदेश में राजस्व लोक अदालतों में अक्तूबर 2023 से अब तक करीब 4 लाख लंबित राजस्व मामले निपटाए गए हैं। इस पहल से भूमि मालिकों को काफी राहत मिली है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार राजस्व मामलों से जुड़ी समस्याओं का घरद्वार पर निपटारा करने के लिए तहसील और उपतहसील स्तर पर लोक राजस्व अदालतें आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राजस्व विभाग आधुनिक तकनीकों का भी व्यापक स्तर पर उपयोग कर रहा है। अब तक 90 प्रतिशत गांवों के नक्शे भू–नक्शा पोर्टल पर अपलोड किए जा चुके हैं। इसके अलावा कुल एक करोड़ 44 लाख खसरा नम्बरों में से एक करोड़ 19 लाख के लिए यूनीक आईडेंटिफिकेशन नम्बर बनाए गए हैं।

## बिंदल

प्रदेश में ग्रुप–ए से लेकर ग्रुप–सी तक की नई भर्तियों को ट्रेनी के रूप में करने के फैसले को भाजपा ने युवाओं के साथ बड़ा धोखा करार दिया है। पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आज शिमला में एक पत्रकार सम्मेलन में कहा कि सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने पक्की नौकरी देने के वायदे किए थे लेकिन सरकार इन्हें पूरा नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बेरोज़गारों का मज़ाक बना कर रख दिया है।

*तीन साल तक एक भी नौकरी, पक्की नौकरी, 58 साल की नौकरी नहीं दी और अब एक नया ऑर्डर जारी किया है। नए नए शब्द ढूंढ करके लाते हैं। अब नौकरी कैसे लगेगी, ना आउटसोर्स होगी, ना कांट्रैक्चुअल होगी। वो केवल और केवल मात्र ट्रेनी होगा, वो कर्मचारी नहीं होगा। तीन साल पर ये नया फार्मूला आया है। चौथे साल में एक और फार्मूला आएगा और पांचवें साल में जब चुनाव आएगा, फिर एक बहुत बड़ा धोखा वो लेकर के आएंगे। 5 साल के अंदर हिमाचल प्रदेश के बेरोजगार को कुछ नसीब नहीं होगा। ये स्थिति इन्होंने खड़ी कर दी है।*

## मौसम

प्रदेश के अनेक भागों में पिछले 24 घण्टों से रूक–रूक कर मॉनसून की वर्षा का क्रम जारी है। राज्य में अब तक वर्षा से जुड़ी घटनाओं में एक सौ 25 लोगों की मौत हो चुकी है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि कल 21 और 22 जुलाई को सोलन, शिमला, मंडी, सिरमौर और कांगड़ा ज़िलों में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

*ये जो वेदर एक्टिविटी देखिए 20 जुलाई की देर शाम में या रात से भी जो वेदर ये पिक अप करेगा और इसके चलते 20 जुलाई की देर रात से और 24 जुलाई तक पूरे प्रदेश में ही बारिश होने की संभावना है और सिवाय देखिए डिस्ट्रिक्ट लाहौल स्पीति और किन्नौर के जो बाकी डिस्ट्रिक्ट है वहां पे संभावना ये है कि एक दो स्थानों में भारी से बहुत भारी बारिश भी हो सकती है। और 21 जुलाई को संभावना है कि डिस्ट्रिक्ट शिमला, सोलन, सिरमौर, मंडी और जो कांगड़ा है इन डिस्ट्रिक्ट में 21 और*

*22 जुलाई के दौरान हैवी टू वेरी हैवी रेनफॉल हो सकती है तो इसको देखते हुए इन डिस्ट्रिक्ट में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है जो बाकी डिस्ट्रिक्ट है जिसमें उना, बिलासपुर, हमीरपुर है यहां पे हैवी रेनफॉल का येलो अलर्ट जारी किया हुआ है।*

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला ज़िले में जुब्बल उपमण्डल की रावीं पंचायत में आज सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। स्थानीय विकास कार्यों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले अढ़ाई वर्षों में क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। रोहित ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र में सवा चार करोड़ रूपए की लागत से चामसु पुल का निर्माण कार्य जल्द आरम्भ किया जाएगा। इस पुल के बनने से शुराचली क्षेत्र सहित रोहड़ू उपमण्डल के लोगों को भी लाभ मिलेगा।

आदेश

चम्बा ज़िला प्रशासन ने आगामी मणीमहेश यात्रा के दौरान जन सुरक्षा और आपदा तैयारियों को लेकर विभागों को आदेश जारी किए हैं। उपायुक्त द्वारा जारी आदेशों के अनुसार विभिन्न विभागों को मणीमहेश तीर्थयात्रा मार्ग पर विकास कार्यों को निर्धारित समय अवधि के भीतर पूरा करने को कहा गया है। इस वर्ष मणीमहेश यात्रा 16 अगस्त से शुरू होने जा रही है।

मुख्य समाचार एक बार फिर

- गृहमंत्री अमित शाह ने हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदा की घटनाओं को देखते हुए एक बहुक्षेत्रीय केन्द्रीय दल के गठन के दिए निर्देश।
- मण्डी ज़िले के दौरे पर आए केन्द्रीय दल ने आपदा प्रभावित थुनाग, जंजैहली और बगस्याड़ में लिया नुकसान का जायज़ा।
- भाजपा ने प्रदेश में नई भर्तियों को ट्रेनी के रूप में करने के फैसले को युवाओं के साथ बताया बड़ा धोखा।
- प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का क्रम जारी– अगले 24 घंटों में कई ज़िलों में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट।